कुल छपे पृष्ठों की संख्या -04
कुल छपे प्रश्नों की संख्या -20

नामांक ROLL NO.

**BBC-IX-1**

# वार्षिक परीक्षा, 2023-24

## कक्षा - 9 IX

समय : 3¼ घंटे | विषय - हिन्दी | पूर्णांक : 100

### खण्ड- 'अ'

1. (क) निम्न अपठित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए - 6

जीवन की सच्ची प्रगति स्वावलम्बन के द्वारा ही संभव हैं। यदि हमारे मन में अपना कार्य करने का उत्साह नहीं है, अपने ऊपर विश्वास नहीं हैं, आलस्य ने हमारी कार्यशक्ति को पंगु बना दिया है तो कैसे हमारे जीवन के कार्य पूरे हो सकेंगे? समाज, राष्ट्र और संसार के लिए तो हम कर ही क्या सकेंगे, स्वयं अपने लिए भी भारस्वरूप हो जाएंगे। यह बात विचारणीय है कि संसार में जो इतने महान कार्य हुए है, क्या उनके पीछे स्वावलम्बन की सुदृढ़ शक्ति नहीं थी? यदि परावलम्बी पुरुषों की भाँति सभी हाथ पर हाथ धरे बैठे रहते, तो मानव समाज की इतनी प्रगति क्या संभव थी? इसीलिए तो संसार के सवी महापुरुष स्वावलम्बन के पुजारी थे। अब्राहम लिंकन, महात्मा गाँधी, ईश्वरचन्द्र विद्यासागर आदि महापुरुषों ने स्वावलम्बन के अमृत को पीकर ही अमरता प्राप्त की थी।

(1) उपर्युक्त गद्यांश का शीर्षक हैं-
(अ) महापुरुष (ब) स्वावलम्बन (स) उत्साह (द) परावलम्बन

(2) स्वावलम्बी महापुरुष थे-
(अ) महात्मा गाँधी (ब) अब्राहम लिंकन
(स) ईश्वरचन्द्र विद्यासागर (द) उपर्युक्त सभी

(3) 'अमृत' का विलोम शब्द है-
(अ) विष (ब) अमरता (स) जीवन (द) जीवन

(4) 'स्वावलम्बन' के द्वारा ही संभव है-
(अ) हार (ब) विनाश (स) प्रगति (द) उपर्युक्त सभी

(5) 'स्वावलम्बन' से तात्पर्य है-
(अ) कार्य करने की प्रवृत्ति (ब) स्वयं पर विश्वास
(स) कार्य करने का उत्साह (द) उपर्युक्त सभी

(6) कार्यशक्ति कम होने का कारण हैं-
(अ) मेहनत (ब) आलस्य (स) विश्वास (द)स्वावलम्बन

2. (ख) निम्न अपठित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए- 6

मनमोहिनी प्रकृति की गोद में जो बसा हैं
सुख स्वर्ग सा जहाँ है वह देश कौनसा हैं?
जिसका मुकुट हिमालय, वह देश कौनसा हैं?
नदियाँ जहाँ सुधा की धारा बहा रही हैं,
सींचा हुआ सलोना वह देश कौनसा है?
जिसके बड़े रसीले फल, कन्द, नाज, मेवे,

कृ.प.उ.

www.rajeshsir.co.in

सब अंग में सजे हैं, वह देश कौनसा है?
जिसमें सुँगध वाले, सुन्दर प्रसून प्यारे,
दिन-रात हँस रहे हैं, वह देश कौनसा है?

(1) प्रस्तुत काव्यांश का उचित शीर्षक है-
(अ) प्रकृति (ब) वह देश कौनसा है (स) भारत देश (द) हिमालय

(2) मनमोहिनी प्रकृति की गोद में कौन बसा है-
(अ) भारत (ब) श्रीलंका (स) नेपाल (द) भूटान

(3) भारत देश का मुकुट कौनसा पर्वत हैं-
(अ) अरावली (ब) हिमालय (स) विन्ध्याचल (द) नीलगिरि

(4) निम्न में से 'प्रसून' शब्द का पर्यायवाची है-
(अ) फूल (ब) गुलाब (स) कमल (द) पहाड़

(5) 'भारत देश' के अंक में सजे हैं-
(अ) रसीले फल (ब) कन्द (स) नाज, मेवे (द) उपर्युक्त सभी

(6) 'सुधा' का अर्थ नहीं हैं-
(अ) विष (ब) अमृत (स) पीयूष (द) सोम

3. रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए- 1½×6=9

(i) वे शब्दांश जो किसी शब्द के अन्त में जुड़कर अर्थ में परिवर्तन कर देते है वे .... कहलाते हैं।
(ii) 'ल्हासा की ओर' पाठ की गद्य-विधा .......... हैं।
(iii) 'रीढ़ की हड्डी' एकांकी के लेखक का नाम ......... हैं।
(iv) 'मेघ' का पर्यायवाची शब्द ......... है।
(v) कबीर की रचनाएँ मुख्यतः ....... में संग्रहित है।
(vi) परसर्ग 'ने' का प्रयोग ......... कारक में होता है।

4. निम्न अति लघुत्तरात्मक प्रश्नों के उत्तर दीजिए- (शब्द सीमा 20 शब्द) 1.5×12=18

(i) 'संस्कार' शब्द में कौनसा उपसर्ग जुड़ा हैं?
(ii) संयुक्त वाक्य की परिभाषा लिखिए।
(iii) 'चन्द्रमा' के पर्यायवाची शब्द बताइए।
(iv) 'बर्ड वाचर' किसे कहा गया हैं?
(v) 'बच्चे काम पर जा रहे हैं' कविता के कवि का नाम क्या हैं?
(vi) 'निराकार' शब्द का विलोम क्या होगा?
(vii) 'गृह-ग्रह' शब्दों में अर्थगत अन्तर बताइए।
(viii) 'आसमान सिर पर उठाना' मुहावरे का अर्थ लिखिए।
(ix) 'बीकानेर' की भुजिया स्वादिष्ट होती हैं। रेखांकित पद का विशेषण रूप लिखिए।
(x) गोपाल प्रसाद के अनुसार पढ़ना और काबिल होना किसका काम हैं?
(xi) लेखिका मृदुला गर्ग की नानी मरने से पहले मुँहजोर क्यों हो उठी थी?
(xii) एक लकुटी और कामरिया पर कवि रसखान सब कुछ न्यौछावर करने को क्यों तैयार हैं?

www.rajeshsir.co.in

**खण्ड- 'ब'** लघुत्तरात्मक प्रश्न (शब्द सीमा 40 शब्द) 8×3=24

5. लेखिका के जन्म पर उसकी खातिर क्यों की गई? 'मेरे बचपन के दिन' पाठ के आधार पर उत्तर दीजिए।
6. 'प्रेमचन्द के फटे जूते'ल पाठ के आधार पर प्रेमचंद के व्यक्तित्व की विशेषताएँ लिखिए।
7. सुमित्रानंदन पंत ने गाँव को 'हरता जन मन' क्यों कहा हैं?
8. मेघों के लिए बन-ठन के सँवर के आने की बात क्यों कही गई हैं?
9. 'इक' व 'आहट' प्रत्यय लगाकर दो-दो शब्द बनाइए।
10. विशेषण किसे कहते हैं? उनके कितने भेद होते है? नाम लिखिए।
11. 'रीढ़ की हड्डी' एकांकी का क्या उद्देश्य है? लिखिए।
12. 'हूँ मोट खींचता लगा पेट पर जूआ, खाली करता हूँ ब्रिटिश अकड़ का कूँआ।' पंक्ति का भाव स्पष्ट कीजिए।

**खण्ड- 'स'**

13. निम्नलिखित पठित गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए- (कोई एक) 4

हिन्दी का उस समय प्रचार-प्रसार था। मैं सन् 1917 में यहाँ आई थी। उसके उपरांत गाँधीजी का सत्याग्रह आरम्भ हो गया और आनन्द भवन स्वतंत्रता के संघर्ष का केन्द्र हो गया। जहाँ-तहाँ हिन्दी का प्रचार भी चल रहा था। कवि सम्मेलन होते तो क्रास्थवेट से मैडम हमें साथ लेकर जाती थी। हम कविता सुनाते थे। कभी हरिऔध जी अध्यक्ष होते थे, कभी श्रीधर पाठक होते थे। कभी कोई होता था। कब हमारा नाम पुकारा जाए, बैचेनी से सुनते रहते थे। मुझको प्रायः प्रथम पुरस्कार मिलता था। सौ से कम पदक नहीं मिले होंगे उसमें।

**अथवा**

टोपी आठ आने में मिल जाती है और जूते उस जमाने में पांच रुपये से कम में क्या मिले होंगे। जूता हमेशा टोपी से कीमती रहा हैं। ब तो जूते की कीमत और बढ़ गई हैं और एक जूते पर पचीसों टोपियाँ न्यौछावर होती है। तुम भी जूते और टोपी के आनुपातिक मूल्य के मारे हुए थे। ये विडम्बना मुझे इतनी तीव्रता से पहले कभी नहीं चुभी, जितनी आज चुभ रही है, जब मैं तुम्हारा फटा जूता देख रहा हूँ। तुम महान कथाकार, उपन्यास सम्राट, युग-प्रवर्तक, जाने क्या-क्या कहलाते थे, मगर फोटो में भी तुम्हारा जूता फटा हुआ है।

14. निम्नलिखित पठित पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए- (कोई एक) 4

बूढ़े पीपल ने आगे बढ़कर जुहार की, 'बरस बाद सुधि लीन्हीं'-
बोली अकलोई लता ओ किवार की, हरसाया ताल लाया पानी परात भर के,
मेघ आये बड़े बन-ठन के सँवर के। क्षितिज अटारी गहराई दामिनि दमकी,
'क्षमा करो गाँठ खुल गई अब भरम की' बाँध टूटा झर-झर मिलन के अश्रु ढरके।
मेघ आए बड़े बन-ठन के सँवर के।

**अथवा**

बालू के साँपों से अंकित गंगा की सतरंगी रेती
सुन्दर लगती सरपत छाई तट पर तरबूजों की खेती;

कृ.प.उ.

www.rajeshsir.co.in

अंगुली की कंघी से बगुले कलंगी सँवारते हैं कोई,
गिरते जल में सुरखाब, पुलिन पर मगरौठी रहती सोई!

दीर्घउत्तरात्मक प्रश्न (शब्द सीमा 80 शब्द) 4×3=12

15. बच्चों का काम पर जाना धरती के एक बड़े हादसे के समान क्यों हैं?

अथवा

कवि माखनलाल चतुर्वेदी ने आजादी के गीत गाने वाली कोयल के माध्यम से क्या संदेश देना चाहते हैं?

16. 'इस जल प्रलय में' शीर्षक पाठ के लेखक ने किस बाढ़ का वर्णन किया हैं? उस बाढ़ को उसने किस हैसियत से भोगा और किस प्रकार?

अथवा

रीढ़ की हड्डी एकांकी के आधार पर रामस्वरूप और गोपाल प्रसाद की चारित्रिक विशेषताएँ बताइए।

17. कबीर ने ईश्वर को सब स्वाँसों की स्वास में क्यों कहा हैं?

अथवा

लेखिका महादेवी वर्मा ने अपनी माँ के व्यक्तित्व की किन विशेषताओं का उल्लेख किया हैं?

## खण्ड- 'द'

18. 'सर्वेश्वर दयाल सक्सेना' के कृतित्व व व्यक्तित्व परिचय विस्तार से दीजिए। 4

अथवा

'प्रेमचन्द' का कृतित्व व व्यक्तित्व परिचय विस्तार से दीजिए।

19. स्वयं को शास्त्रीनगर, जोधपुर निवासी राजवी मानकर स्थानीय पुलिस अधिकारी को मोहल्ले में बढ़ती चोरियों की घटनाओं के रोकथाम के लिए एक शिकायती पत्र लिखिए। 6

अथवा

अपने विद्यालय के प्रधानाचार्य को चरित्र प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए एक प्रार्थना-पत्र लिखिए।

20. नीचे दिए गए बिन्दुओं में से एक विषय पर निबन्ध लिखिए (शब्द सीमा 250) 7

(1) **स्वच्छ भारत अभियान** - (1) प्रस्तावना, (2) स्वच्छता का अर्थ एवं प्रकार (3) स्वच्छता अभियान का उद्देश्य, (4) स्वच्छता अभियान का क्षेत्र, (5) स्वच्छता अभियान के लाभ, (6) स्वच्छ भारत अभियान में हमारा योगदान, (7) उपसंहार

(2) **मोबाइल फोन : लाभ, हानि** - (1) प्रस्तावना, (2) मोबाइल फोन से लाभ (3) दुष्परिणाम (4) उपसंहार

(3) **विद्यार्थी जीवन में अनुशासन** - (1) प्रस्तावना, (2) अनुशासन का महत्त्व (3) सुपरिणाम, (4) अनुशासनहीनता के दुष्परिणाम (5) उपसंहार

(4) **भ्रष्टाचार और गिरते सांस्कृतिक मूल्य** - (1) प्रस्तावना, (2) भ्रष्टाचार के कारण (3) भ्रष्टाचार के कुप्रभाव (4) समाधान या निराकार के उपाय (5) उपसंहार



www.rajeshsir.co.in